# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 116-120 / कु0स0का0 / 2021–22 दिनांक: 28/02/2022

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

**विषय –बी0एड के अतिरिक्त नये महाविद्यालय / संस्थान खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालय / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत करना है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के ऑनलाइन अनापत्ति एवं सम्बद्धता के प्रस्तावों हेतु शासन द्वारा पोर्टल सक्रिय कर दिया गया है। ऐसे महाविद्यालय जिनके किसी पाठ्यक्रम / विषय की सम्बद्धता दिनांक : 30 जून, 2022 को समाप्त हो रही है अथवा नवीन पाठ्यक्रम / विषयों में सम्बद्धता प्राप्त करने के इच्छुक है तथा उन्हें सम्बन्धित पाठ्यक्रम के संचालन की अनापत्ति प्राप्त है, वे प्रत्येक दशा में दिनांक : 28 फरवरी, 2022 तक सम्बद्धता हेतु अपना प्रस्ताव शासन द्वारा प्रदत्त URL. http://henoc.upsdc.gov.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन फार्म का पंजीकरण शुल्क रू0 6,325/– तथा नवीन सम्बद्धता, अतिरिक्त विषय, नये विषय हेतु सम्बद्धता शुल्क रू0 67,850/– एवं सीट वृद्धि, अतिरिक्त सैक्शन(नया सैक्शन) हेतु सम्बद्धता शुल्क रू0 33,925/– ऑनलाइन ही जमा करना सुनिश्चित करे। साथ ही परास्नातक पाठ्यक्रमों हेतु पृथक–पृथक विषयों में आवेदन करने के लिए पंजीकरण शुल्क एवं सम्बद्धता शुल्क जमा करना अनिवार्य हैं। शुल्क RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराया जायेगा, जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| | |
|---|---|
| Account Name | Maa Shakumbhari University Saharanpur |
| Account Number | 0478100100000827 |
| IFSC Code | PUNB0047810 |
| Bank | Punjab National Bank |
| Branch Address | Village & Post-Punwarka, Janta Road, District- Saharanpur |

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव O/C

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. वित्त अधिकारी, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों(सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली) को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया उपर्युक्त सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव O/C

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

दिनांक: 25/02/2022

पत्रांक : 121-122 / कु0स0का0 / 2021–22

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य / प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

महोदय / महोदया,

प्रायः यह देखा जा रहा है कि विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा उनके यहां संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के चयन हेतु साक्षात्कार के लिए विषय–विशेषज्ञ नामित किये जाने का अनुरोध किया जा रहा है। किन्तु तद्सम्बन्धी रिक्तियों के विज्ञापन की प्रतियां संग्लन नहीं की जा रही, जिसके कारण विषय–विशेषज्ञ नामित कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973(यथा–संशोधित) की धारा 31(10) में उल्लिखित प्रावधान के प्राविधान के अनुसार पर्याप्त प्रसार वाले दो समाचार पत्रों के कम से कम तीन–तीन अंकों में रिक्ति का विज्ञापन किया जाना अनिवार्य है। अतः शिक्षकों के साक्षात्कार हेतु विशेषज्ञ नामित किये जाने वाले आवेदन के साथ प्रकाशित विज्ञप्ति की मूल प्रतियां संलग्न करते हुए आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे कि यथासमय विषय–विशेषज्ञयों के नाम उपलब्ध कराया जाना सम्भव हो सके।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव